भारतीय कपास निगम लिमिटेड

शाखा कार्यालयः अहमदाबाद

10 वी मंजील , साकार-1, नेहरु बिज के सामने, नवरंगपुरा,अहमदाबाद-9

10th Floor, Sakar-1, Opp. Nehru Bride, Navarangpura, Ahmedabad-9

दूरभाष : 079-2658 8822 , 2657 8128 फैक्स : 079 - 2658 9717

ई-मेल : sawpnil.dadmal@cotcorp.com

CIN : U51490MH1970GOI014733 GST No. 24AAACT4053B1ZY वेब साईट : www.cotcorp.gov.in/www.ministryoftextiles.gov.in

सं.भाकनि/अहद/विपणन(क्रय)/गोदाम/2019-20/ **दिनांक : 27.09.2019**

निजी गोदाम हेतु पुनः निविदा सूचना

भारतीय कपास निगम लिमिटेड, अहमदाबाद को कपास मौसम वर्ष 2019-2020 के लिए पूर्ण बंधित रूई की गांठो (F.P. Cotton Bales) के भण्डारण के लिये श्रेणी-1 गोदामो को किराये पर लेने हेतु निम्नलिखित जिल्ला के अंतर्गत प्रस्तावित खरीद केन्द्रों के लिए गोदामो की आवश्यकता है जिसके लिये मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है ।

भरूच, वडोदरा, छोटाउदेपुर, साबरकांठा, अरावली, अहमदाबाद, मेहसाणा, तापी, नर्मदा, गांधीनगर, आणंद, नडीयाद, सुरत |

निविदा फार्म , नियम एवम शर्तें किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालयीन समय मे हमारे कार्यालय से रू.112/- (रुपया एक सौ बारह मात्र) का भुगतान करके दिनांक **03/10/2019** तक प्राप्त किये जा सकते है | जो निविदाकर्ता सीधे वेबसाइट से फार्म लेते है उनके लिए रू.112/- (रुपया एक सौ बारह मात्र) का D.D "The Cotton Corporation Of India Limited" के नाम से Payable at Ahmedabad, टेन्डर के साथ लगाना अनिवार्य है | गोदाम निविदा निगम की वेबसाईट www.cotcorp.org.in एवं Govt. वेबसाईट www.eprocure.gov.in से भी प्राप्त कर सकते है । MSME को निविदा फार्म के फ़ीस का भुगतान करने से छुट है |

सभी पहलुओ सें विधिवत तैयार निविदा फार्म मोहरबंध लिफाफे में जिस पर **केन्द्रों पर निजी गोदाम हेतु वर्ष 2019-20** अंकित हो , सहायक महा प्रबंधक के नाम हमारे कार्यालय में उपरोक्त पते पर दिनांक: **04/10/2019** को दोपहर **2.00** बजे तक या उससे पहले पहुंचें इस प्रकार भेजें । निर्धारित समय में प्राप्त निविदाओ को उसी दिन दोपहर **2.30** बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष् खोली जाएँगी ।

सहायक महा प्रबंधक

भारतीय कपास निगम लिमिटेड , अहमदाबाद
नियम एवं शर्तें

1. निविदा फार्म निर्धारित प्रपत्र मे ही भरे ।

2. समयोपरान्त प्राप्त व अपूर्ण भरी एवं अशर्तयुक्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।

3. निविदाकर्ताओं को निम्नानुसार निविदा प्रपत्र मे भरनी होगी -
   लिफाफा 'अ' - लिफाफा 'अ' पर तकनीकी बीड लिखकर उसमें तकनीकी बीड 1 रखें । जिसके साथ निविदा फार्म फ़ीस के भुगतान का P.O/D.D भी हो |
   लिफाफा 'ब' - लिफाफा 'ब' पर वित्तीय बीड लिखकर उसमें वित्तीय बीड 2 रखें ।
   लिफाफा 'स' - लिफाफा 'स' पर **" केन्द्रों पर निजी गोदाम हेतु वर्ष 2019-20 "** की निविदा लिखकर उसमें अ और ब लिफाफा रखें ।

4. पार्टी द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले गोदाम का किराया दर प्रति गांठ /प्रति माह के आधार पर दिया जाये व दर सभी प्रकार के सेस एवं कर सहित (GST छोड़कर) होना चाहिए ।

5. निगम द्वारा दरों की स्वीकृति के पश्चात् पार्टी को निगम के साथ करार करना होगा जिसकी अवधि करार दिनांक से एक वर्ष तक की रहेगी जिसे आपसी सहमति से बढ़ाई जा सकती है ।

6. गोदाम की lock & key निगम के अधिकार मे रहेगी ।

7. गोदाम मे भण्डारित निगम के स्टॉक का बीमा निगम द्वारा ही लिया जायेगा । गोदाम का बिमा गोदाम मालिक/प्रबंधक को करना पड़ेगा तथा अगर कोई दुर्घटना होती है तो निगम द्वारा कोई भी नुकसान का भुगतान नहीं किया जाएगा |

8. पार्टी द्वारा गोदाम मे निम्न प्रकार की अग्निशमन व्यवस्था होनी चाहिये ।
   I. दरवाजे पर पर्याप्त मात्रा मे 'A' या 'ABC' type फायर एक्स्टोंग्युशर होने चाहिये जो की Valid Expiry Date के साथ हो |
   II. प्रत्येक दरवाजे पर पर्याप्त मात्र में पानी से भरे ड्रम एवम रेत से भरी बाल्टीयॉ होनी चाहिए ।
   III. गोदाम के पास वोटर टेंक /हाईड्रन्ड व कुआ /बोरवेल /डिजल पम्प के साथ हो तो गोदाम को वरीयता दी जायेगी ।
   IV. गोदाम के दरवाजो पर सी.सी.टी.वी. केमेरा एक माह के बेकअप के साथ संस्थापित किया हुआ होना चाहिये ।
   V. गोदाम परिसर में वॉचमेन, वे-ब्रिज तथा ऑफिस के साथ हो तो ऐसे गोदामों को वरीयता दी जाएगी |

09. Dunnage कि व्यवस्था प्रायवेट गोदाम उपलब्ध कराने वाली कम्पनी/पार्टी की होगी | जिसके लिए कोई अतिरिक्त राशि देय नही होगी ।

10. गोदाम तक आवागमन हेतू तथा गोदामों के प्रत्येक लोडिंग या अनलोडिंग पॉइंट पर उचित पक्का रास्ता होना जरुरी है ।

11. गोदाम की फर्श पक्की होनी चाहिये तथा उसकी उंचाई सडक की लेवल से कम से कम एक से दो फुट उंची होनी आवश्यक है ताकि उसमे वर्षा का पानी ना जाने पाये तथा परिसर में पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए तथा छतो से पानी का रिसाव नही होना चाहिए । अगर फर्श या दिवार से रिसाव होता हैं अथवा टूटफुट होती है तो मालिक द्वारा तुरन्त मरम्मत करवाना आवश्यक होगा | गोदाम में खिड़की वेंटिलेशन पर जाली लगी होनी चाहिये ताकि पक्षी आदि गोदाम में न आने पाये अन्यथा निगम के स्टॉक को होनेवाले नुकसान की जिम्मेदारी गोदाम मालिक को प्रदान करनी होगी ।

12. गांठो का किराया गोदाम मे पडी वास्तविक अवधि अनुसार देय होगा ।

13. जिस पार्टी /कम्पनी द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले गोदाम का निगम द्वारा अनुबन्धित किया जायेगा उस पार्टी द्वारा 100/- रूपये के नोन ज्युडीशियल स्टेम्प पेपर पर अनुबंध हस्ताक्षर कर देना होगा ।

14. पार्टी /कम्पनी द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले गोदाम के किराये का भुगतान बिल प्राप्ति के 10 दिनो के अन्दर किया जायेगा । बिल मासिक आधार पर GST विवरण सहित प्रस्तुत करना होगा ।

15. गोदाम केवल हमारे अधिकृत अधिकारी द्वारा निरिक्षण के बाद ही फाईनल किये जायेगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा /दूरभाष द्वारा गोदाम मालिको को दी जायेगी । गोदामो का चयन रूई गांठो के भण्डारण हेतु उपयुक्ता तथा सुरक्षा को देखकर लिया जायेगा ।

16. निविदा फार्म भारतीय कपास निगम लिमिटेड की बेबसाईट www.cotcorp.org.in या सरकारी बेबसाईट www.eprocure.gov.in से डाउनलोड अथवा हमारे कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालयीन समय मे प्राप्त किया जा सकता है ।

17. निविदा निर्धारित समय पर उपस्थित निविदाकर्ताओ की उपस्थिति मे खोली जायेगी ।

18. गोदाम में किसी भी प्रकार के विद्युत कनेक्शन(Electrical Connection)नही होने चाहिये |

19. गोदाम में चारों तरफ की कम्पाउन्ड वॉल होने पर प्राथमिकता दी जायेगी ।

20. गोदाम में गाठों को आवागमन में अगर कोई क्षति होती है तो निगम की कोई जिम्मेदारी नही रहेंगी एवं गोदाम मालिक के बिल से समायोजन कर ली जाएगी |

21 निगम न्यूनतम कार्य की किसी प्रकार की गारंटी नही देता है । निगम गोदाम लेने के लिए बाध्य नही होगा भण्डारण की आवश्यकता एवम गोदाम की उपलब्धता को देखते हुए ही गोदाम लेने का निर्णय निगम द्वारा लिया जायेगा ।

22. किसी भी निविदा को पूर्णत: या अंशत: अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार निगम अपने पास सुरक्षित रखता है और परिस्थितियों कों देखते हुए निगम उपरोंक्त नियम एवं शर्तो पर पुन: विचार कर सकता है ।

23. टैक्स की कटौती आयकर नियमानुसार की जायेगी ।

24. इस संविदा के बाहर अथवा इससे संबंधित किसी प्रकार का कानूनी विवाद के निपटारे के लिए अधिकार क्षेत्र न्यायालय, अहमदाबाद होगा ।
25. टेन्डर कर्ता प्रत्येक पृष्ठ पर सील एवं हस्ताक्षर किया जाना है |

26. **मध्यस्थता:-** इस सविंदा से संबंधित कोई भी विवाद उठता है तो वह विवाद मध्यस्थता के लिए किसी मध्यस्थता (जो निगम का कोई कर्मचारी नही होगा) को सौपा जाएगा। मध्यस्थता का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा । मध्यस्थता को मध्यस्थता एवं समाधान अधिनियम 1996 तथा उसके बाद किसी सांविधिक पुन: अधिनियम तथा संशोधन के प्रावधान के अनुसार नियंत्रित और आयोजित किया जायेगा ।

27. गोदामों के बाहर किसी भी प्रकार के ज्वलनशील चीजे, घास, सूखे पेड़ इत्यादि नहीं होने चाहियें तथा इसका रखरखाव एवं साफ सफाई करने की पूर्ण जिम्मेदारी गोदाम मालिक/प्रबंधक की होगी |

28. जिस दिन से निगम द्वारा भण्डारण करना चालू किया जायेगा उसी दिन से गोदाम भाडा की गणना कर के निगम द्वारा भुगतान किया जायेगा | तथा जिस दिन से निगम का स्टॉक (गांठे या मिसलेनिअस स्टॉक) उठा लिया गया हो वो दिन के बाद का भाडा निगम द्वारा नहीं दिया जायेगा |

29. गोदाम मालिक/प्रबंधक को गांठो का स्टॅकिंग प्लान भी देना पड़ेगा, जिसमे अधिकतम 6 या 7 (गोदाम की ऊंचाई अनुसार) थप्पिया होगी तथा दिवार से 2 फिट की दूरी हर लोट में चारो तरफ से रहेगी तथा लोट से लोट में 2 फिट का अंतर रहेगा तथा शटर के सामने गांठो

की थप्पी नहीं लगायी जाएगी | गांठो की अवाक जावक हेतु पर्याप्त जगह गोदाम में रखनी होगी |

30. गोदामों की अग्निव्यवस्था एवं सुरक्षा बाबत अगर गुजरात राज्य सरकार की कोई भी नियम शर्ते अथवा कानून हो तो उसका पालन करना गोदाम मालिक/प्रबंधक को जरुरी होगा तथा निगम की इस बाबत कोई जिम्मेदारी नहीं होगी |

31. गोदाम के बाहरी दीवारों पे “सी. सी. आई स्टॉक” तथा “धूम्रपान वर्जित” के बोर्ड स्थानिय भाषा में लगाना अनिवार्य होगा |

32. यदि निविदाकर्ता निविदा की किसी भी शर्ते या निविदा की प्रक्रिया के बारे में शाखा कार्यालय से जानकारी चाहे तो मांग सकता है । इसके अतिरिक्त कोई निविदा अस्वीकृत की जाती है या निविदा दस्तावेज संबंधित निविदाकर्ता को नही दिया जाता है तो निविदाकर्ता निविदा अस्वीकृत करने संबंधी कारण शाखा कार्यालय से मांग सकता है ।

मुझे/हमें उपरोक्त नियम एवं शर्ते स्वीकार है ।

पार्टी के हस्ताक्षर _____

दिनांक _____ गोदामप्रदाता कम्पनी /पार्टी_____

भारतीय कपास निगम लिमिटेड

शाखा कार्यालयः अहमदाबाद

10 वी मंजील , साकार-1, नेहरु बिज के सामने, नवरंगपुरा,अहमदाबाद-9

10th Floor, Sakar-1, Opp. Nehru Bride, Navarangpura, Ahmedabad-9

दूरभाष : 079-2658 8822 , 2657 8128 फैक्स : 079 - 2658 9717

ई-मेल : sawpnil.dadmal@cotcorp.com

CIN : U51490MH1970GOI014733 GST No. 24AAACT4053B1ZY वेब साईट : www.cotcorp.gov.in/www.ministryoftextiles.gov.in

Technical Bid

1. **Name of Service Provider Co./Owner of Godown:** ----------

2. **Telephone Number** : ----------

3. **Name of Contact Person** : ----------

   1) Phone No. : ----------

   2) Mobile No. : ----------

   3) Fax No. : ----------

   4) E-Mail : ----------

4. **PAN Number (with photocopy)** :----------

5. **TIN Number (If any)** :----------

6. **GST.NO. (COPY MUST BE ATTACHED)** :----------

7. **Full address of Service Provider Co** : ----------

   Full address of Godown : ----------
   ----

8. **Name of Nearest Centre** : _____

9. **Details of Fire Fighting Equipment:**

   1) **Fire extinguisher 'A' or 'ABC' type** : **NOS_____CAPACITY_____**

   2) **Water Drum** : **NOS_____CAPACITY_____**

   3) **Sand Buket** : **NOS_____CAPACITY_____**

   4) **Water tank/Hydrant/Borewell** : **NOS_____CAPACITY_____**

10. No. of CCTV installed at Gate : _____

(with one month backup)

11. Nature of Construction : _____

12. Work Experience Certificate (If any) : Yes/No

Name of Company/Firm	Years of Experience

14. Approved building layout copy to be attached : Yes/No

15. Stacking layout plan copy to be attached : Yes/No

16. Whether MSE or not : Yes/No
(Valid certificate attached.)

17. If yes, MSE is owned by SC/ST Entrepreneur : Yes/No

18. If yes MSE is owned by women Entrepreneur : Yes/No

I / We accept all terms and conditions of Tender.

Date: --------- **Authorized Signature:-**
Place: -------- **With Stamp and Seal.**

भारतीय कपास निगम लिमिटेड
शाखा कार्यालयः अहमदाबाद
10 वी मंजील , साकार-1, नेहरु बिज के सामने, नवरंगपुरा,अहमदाबाद-9
10th Floor, Sakar-1, Opp. Nehru Bride, Navarangpura, Ahmedabad-9
दूरभाष : 079-2658 8822 , 2657 8128 फैक्स : 079 - 2658 9717
ई-मेल : sawpnil.dadmal@cotcorp.com
CIN : U51490MH1970GOI014733 GST No. 24AAACT4053B1ZY वेब साईट : www.cotcorp.gov.in/www.ministryoftextiles.gov.in

Financial Bid

Sr.No.	Name of Godown & Complete Address	Godown Size Width * Length	Ceiling Height	Storage Capacity in Bales	Rate Per Bale/PerMonth(Inclusive of all Cess/Taxes) Except GST (In Rs.)

I/ We accept all terms and conditions of Tender.

Date: ----------
Place: ----------

Authorized Signature:-
With Stamp and Seal.